## सार-समाचार

### निवाई में रक्षा बंधन त्योहार उत्साह से मनाया

**निवाई।** रक्षा बंधन का त्यौहार उत्साह पूर्वक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान हर चेहरे पर चमक और हर कलाई पर बंधी रंग बिरंगी राखियां बहन भाई के अटूट प्रेम की कहानी बयां कर रही थी, सभी भाईयों के मन में रक्षा की उमंग बंधन से जुड़ी हुई थी। हर भाई के ललाट पर लगा चमकता हुआ तिलक यश और ओजस्वी का प्रतीक बना हुआ था। रक्षा बन्धन के पर्व पर हर घर में सजे थाल में मिठाईयों से भरपूर प्यार बहन भाईयों के संसार को सजोंए हुए था। रक्षा बन्धन के त्यौहार पर घर-घर में बहनों ने अपने भाईयों के राखी बांधकर उनका जीवन प्रकाशमय रहने की मनोकामना की, तो भाईयों ने बहिनों की रक्षा करने का संकल्प लिया। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में शनिवार को भाई बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षा बंधन का पावन पर्व हर्षोल्लास एवं परम्परागत रूप से उत्साह के साथ मनाया गया। रक्षाबन्धन के त्यौहार को लेकर घरों एवं बाजारों में सुबह से ही चहल पहल देखी गई तथा बहनों ने अपने भाईयों के तिलक लगाकर उनकी कलाई पर राखी बांधकर मिठाई से मुंह मीठा किया तथा परम्परानुसार बहनों ने अपने भाईयों की समृद्घि के लिए भगवान से प्रार्थना की तो भाईयों ने बहनों को उपहार स्वरूप आभूषण एवं ड्रेस देकर खुशियां मनाई। त्यौहार के चलते घरों में खीर, पुए व चावल सहित कई पकवान बनाए गए। मंदिर के पुजारियों ने भी घर-घर में राखी बांधकर आपस में भाईचारा रहने की मनोकामना की। इस दौरान बडा बाजार, चौहट्टी बाजार, जमात, सब्जी मंडी, बिलाला मार्केट, गणगौरी बाजार, पटेल रोड, टोंक रोड व झिलाय रोड सहित कई बाजारों में लोगों की भीड़ लगी रही। त्यौहार को लेकर बसों की छतों पर भी यात्रियों को जोखम भरी यात्रा करते हुए देखा गया। रेलवे स्टेशन पर भी दिन भर सैकडों यात्रियों की भीड लगी रही। ट्रैन के अन्दर भीड़ होने से यात्रियों को भारी समस्या के बीच सफर करना पड़ा।

### भाई की कलाई पर सजा बहनों का प्यार, राखी के धागे ने मजबूत किए रिश्तों के बंधन

**लालसोट।** भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और स्नेह का पर्व रक्षाबंधन शुक्रवार को लालसोट क्षेत्र में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में पर्व को लेकर उत्साह का माहौल नजर आया। बहनों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भाइयों के माथे पर तिलक लगाया और उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर सुख-समृद्धि एवं दीर्घायु की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनकी रक्षा और हर सुख-दुख में साथ खड़े रहने का संकल्प लिया। राखी बांधने के दौरान भाई-बहनों के बीच भावुकता और स्नेह के पल देखने को मिले। बाजारों में भी रक्षाबंधन को लेकर विशेष रौनक रही। रंग-बिरंगी राखियों, मिठाइयों और उपहारों की दुकानों पर दिनभर लोगों की भीड़ बनी रही। रक्षाबंधन पर्व ने भाई-बहन के पवित्र रिश्ते में प्रेम, विश्वास और अपनत्व की डोर को और मजबूत किया। त्योहार को लेकर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में खासा उत्साह दिखाई दिया।

### छात्रावास का शिलान्यास समारोह कल

**निवाई।** अखिल भारतीय रैगर महासभा के तत्वावधान में आयोजित छात्रावास के शिलान्यास समारोह की तैयारियों को लेकर अर्जुन थलहेटिया की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक आयोजित हुई। जिलाध्यक्ष शंकरलाल हाथीवाल व जिला महामंत्री राम भज वर्मा ने बताया कि 30 अगस्त को नगरफोर्ट में रैगर समाज के छात्रावास का शिलान्यास समारोह आयोजित होगा, जिसकी तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई। उन्होंने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि विद्यायक रामसहाय वर्मा होंगे, अध्यक्षता कैलाशी देवी पत्नी रघुनाथ चैमियाँ पलाई करेंगी एवं समारोह में अति विशिष्ट अतिथि गोपाललाल वर्मा केकड़ी व पूर्व प्रधान शकुंतला वर्मा, विशिष्ट अतिथि मांगीलाल चौमियाँ पलाई, रामकिशन सेवलिया चौथ का बरवाडा, मूलचंद मूर्तिकार पगारा, हेमराज चौमियाँ, छोटूलाल करावलिया, ओमप्रकाश धवलपुरिया, रामभज वर्मा, भंवरलाल देवतवाल, अर्जुनलाल थलहेटिया, गीता देवी फुलवरिया, नीता देवी कंवरिया, सीता देवी हाथीवाल, रामफूल तुंगरिया, शंकरलाल बांसीवाल, नंदलाल वर्मा, मोहनलाल बारोलिया, निर्माण समिति के संरक्षक भंवरलाल देवतवाल व समित अध्यक्ष हरीनारायण चौमियां होंगे।

### बालिकाओं ने थाने में बांधी राखी

**मनोहरपुर।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर छोटी बालिकाओं दीया, भावना, अर्पिता, अनुष्का एवं हर्षिता ने शाहपुरा पुलिस थाने पहुंचकर थाना प्रभारी रिया चौधरी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को स्नेहपूर्वक राखी बांधी। इस दौरान बालिकाओं ने पुलिसकर्मियों के प्रति अपना सम्मान और विश्वास व्यक्त किया। थाना प्रभारी रिया चौधरी एवं अन्य पुलिसकर्मियों ने भी बालिकाओं को उपहार एवं नगद राशि देकर उनका सम्मान किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर थाने का माहौल पारिवारिक और भावनात्मक बना रहा। कार्यक्रम ने समाज में पुलिस और जनता के बीच आपसी विश्वास और भाईचारे का संदेश दिया।

### मोहब्बत और भाईचारे का पैगाम दिया

**मनोहरपुर** । बारह वफात के मुबारक अवसर अकीदत व एहतराम के साथ जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस में भारी तादाद में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया। लोहार मंडी में निकले जुलूस के दौरान नात-ए-पाक, दुरूद व सलाम की सदाओं से शहर गूंजायमान हो उठा। लोहार मंडी के मार्ग में जगह-जगह लोगों ने जुलूस का इस्तकबाल किया। अनेक जगहों पर फलों को बांटा गया। भीषण गर्मी के मद्देनजर शरबत और शीतल जल की छबीलें लगाई गई तथा जुलूस में शामिल लोगो की खिदमत की गई। मुस्लिम भाइयों ने अमन, भाईचारे और मोहब्बत का पैगाम दिया। मुस्लिम विद्वानों ने पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद मुस्तफा की सीरत-ए-पाक को याद करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का संदेश भी दिया। जुलूस मे हमज़ा आलम निशा मुसफिरा मायरा अर्शद हुसैन हुस्ना नौशाद जुनेरा जूनेद अमान वसीम अशद् माइनूर अल्फेज आसिफ शाहिद हुरैन जराफतमा आदि उपस्तिथ थे। यह जानकारी अनवर लोहार व जावेद लोहार ने दी है।

### जश्न ए इदुलमिलादिन्नबी का जुलूस निकलेगा

**देवली** । जानकारी के अनुसार देवली शहर में हज़रत मुहम्मद सल्लाहू अलैहिवस्सलम की यौमे पैदाइश (जन्म दिवस) वफ़ात ( निर्वाण) के मुबारक मौके पर देवली शहर में मुस्लिम समाज द्वारा जूलूस निकाला जायेगा। यह आयोजन पैगंबर ए कायनात के 1501 वर्ष पूर्ण होने पर किया जा रहा है। समाज के प्रवक्ता मोहम्मद इदरीस हारून अंसारी ने जानकारी मे बताया की । जूलूस की विधिवत् शुरुआत 26 अगस्त बुधवार को सुबह फ़ज़र की नमाज़ के साथ कुरआन ख्वानी ( कुरआन के पठन से )से शुरू होंगी । शहर के शाही ज़ामा मस्जिद से जूलूस ममता सर्किल, छतरी चौराहे से होते हुए हज़रत पहलवान शाह बाबा की मज़ार शरीफ़ पर पहुंचेगा। इसी क्रम में कोटा रोड, एजेंसी एरिया से, बंगाली कॉलोनी, प्रताप कॉलोनी आदि क्षेत्र के लोग भी जूलूस में शामिल होंगे । इस्लामिक उलेमाओं विद्वानों द्वारा हजरत मुहम्मद साहब की सीरत ए मुस्तफा (जीवनी) पर रौशनी डाली जाएगी।

### घाटों पर गूंजे वैदिक मंत्र, संपन्न हुआ ऋषि पूजन

**अजमेर** । श्रावण मास की पूर्णिमा के पावन अवसर पर शुक्रवार को पवित्र तीर्थ नगरी पुष्कर में श्रावणी पर्व पूरे विधि-विधान और श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सैकड़ों तीर्थ पुरोहितों,वेदपाठी बालकों और ब्राह्मणों ने पुष्कर सरोवर के विभिन्न घाटों पर पहुंचकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शारीरिक, मानसिक और आत्मशुद्धि के लिए परंपरा अनुसार दसविधि हेमाद्री स्नान किया। सरोवर के प्रमुख घाटों पर विद्वान पंडितों के आचार्यत्व में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करवाए गए। पंडित पवन कुमार राजऋषि, पंडित सूरज नारायण पाराशर और ब्रह्मा-सावित्री वेद विद्यापीठ के प्रधानाचार्य रामकरण के नेतृत्व में स्थानीय ब्राह्मणों व तीर्थ पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रावणी कर्म संपन्न किया। इस दौरान पूरा घाट परिसर वैदिक मंत्रों से गूंज उठा। आचार्य पंडित पवन कुमार राजऋषि के सानिध्य में सबसे पहले दशविध स्नान कराया गया। श्रावणी उपाकर्म के तहत तीर्थ पुरोहितों ने प्रायश्चित संकल्प, सूर्याराधन, तर्पण, सूर्योपस्थान, अग्निहोत्र और ऋषि पूजन किया।

# बहरोड़ के साहित्यकार सुबह सिंह "अंतरराष्ट्रीय जर्नल" से सम्मानित

- छह बार राष्ट्रपति अवार्ड से नवाजे गए
- 720 लेख, 39 पुस्तकों के रचयिता, पुत्र यतीन्द्र की पुस्तक "एनीमेशन की दुनिया" को राष्ट्रीय पुरस्कार

**किशनगढ़ बास।** बहरोड़ तहसील के ग्राम भूपखेड़ा ने एक बार फिर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। गांव निवासी साहित्यकार सुबह सिंह यादव को अंतरराष्ट्रीय शोध जर्नल आर्काइव्स ऑफ करंट रिसर्च इंटरनेशनल ने उनके बेहतरीन और जोश भरे पीयर रिव्यू के लिए सम्मानित किया है। यह सम्मान उन्हें महज 45 दिनों के छोटे से अंतराल में उत्कृष्ट शोध समीक्षा कार्य के लिए दिया गया है।

सुबह सिंह यादव बैंकिंग और हिंदी साहित्य के क्षेत्र में एक बड़ा नाम हैं। वह बैंक ऑफ बड़ौदा अकादमी से शिक्षण प्रमुख के पद से सेवानिवृत्त हैं। राजभाषा हिंदी में उनके अतुलनीय योगदान के लिए उन्हें अब तक छह बार राष्ट्रपति अवार्ड, छह बार योजना आयोग, पांच बार रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, चार बार केंद्रीय वित्त मंत्रालय और दो बार गृह मंत्रालय से पुरस्कृत किया जा चुका है, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। सुबह सिंह यादव अब तक 39 पुस्तकें लिख चुके हैं और उनके 720 से अधिक लेख राष्ट्रीय स्तर की पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। अंतरराष्ट्रीय जर्नल से मिला यह नया सम्मान उनकी शोध-दृष्टि और निरंतर साधना का प्रमाण है।वहीं, उनके पुत्र यतीन्द्र एस यादव ने भी परिवार की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया है।

यतीन्द्र को भारत सरकार के प्रतिष्ठित राजभाषा गौरव सम्मान के लिए चयनित किया गया है। यह सम्मान उन्हें उनकी मौलिक हिंदी पुस्तक "एनीमेशन की दुनिया" पर दिया जाएगा। यह पुरस्कार आगामी राजभाषा सम्मेलन के दौरान देश के गृहमंत्री द्वारा प्रदान किया जाएगा।



सुबह सिंह को सम्मान महज 45 दिनों के छोटे से अंतराल में उत्कृष्ट शोध समीक्षा कार्य के लिए दिया गया है।

# 1 किलो से अधिक अवैध डोडा चूरा के साथ आरोपी पकड़ा

**कोटपूतली** । स्थानीय थाना पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ संयुक्त कार्यवाही करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 01.012 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद किया है। जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह के निर्देशानुसार जिले में अवैध मादक पदार्थों और नशीली दवाओं की तस्करी के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी अभियान के तहत एएसपी नाजिम अली खान व डीएसपी मदनलाल जैफ के सुपरविजन में थानाधिकारी कृष्ण कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। एएनटीएफ से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने 27 अगस्त को कस्बे के सराय मौहल्ला (पुराने कटले के पास) में दबिश दी। वहां से पुलिस ने कमल शर्मा उर्फ बब्बू (23) पुत्र राजकुमार जाति ब्राह्मण निवासी पुराने कटले के पास, मौहल्ला सराय कोटपूतली को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से प्लास्टिक की थैली में रखा 01.012 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा जप्त किया गया। थानाधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपी कमल शर्मा को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कोटपूतली थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत मुकदमा संख्या 451/26 दर्ज किया है। पुलिस अब आरोपी से सख्ती से पूछताछ कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह यह नशीला पदार्थ कहां से लाया था और इसे किसे सप्लाई करने वाला था।



आरोपी के कब्जे से 01.012 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद किया ।

## दो फरार वांछित आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वांछित अपराधियों और स्थायी वारंटियों की धरपकड के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान में दत्तवास पुलिस ने अवैध बजरी खनन मामले में डेढ़ महीने से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने अवैध बजरी खनन और परिवहन के मामले में करीब डेढ़ महीने से फरार चल रहे आरोपी कमलेश गुर्जर को गिरफ्तार किया है। जो काफी दिनो से लगातार अपने ठिकाने और नाम बदल रहा था। इसी प्रकार झिराना पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए एनडीपीएस एक्ट में पुलिस थाना मेहन्दवास में दर्ज प्रकरण में 9 माह से फरार आरोपी लालचन्द पुत्र किशन तंवर उम्र 28 साल निवासी पालखन्दा थाना घाटोली जिला झालावाड जो अवैध मादक पदार्थ 256 ग्राम स्मैक परिवहन मामले में गिरफ्तार किया गया है।

## भाजपा में बगावत, महिला कार्यकर्ताओं का धरना

**भीलवाड़ा।** नगर निकाय चुनाव के लिए भाजपा में टिकटों की अधिकृत घोषणा से पहले ही असंतोष की आग भड़क उठी है। भीलवाड़ा नगर निगम में महापौर का पद इस बार सामान्य महिला के लिए आरक्षित हुआ है, लेकिन प्रत्याशियों के चयन को लेकर जमीनी कार्यकर्ताओं में भारी रोष है। पूर्व नगर परिषद सभापति एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष मंजू चेचणी के नेतृत्व में शनिवार को महिला कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय के बाहर धरना शुरू कर दिया। धरने पर बैठीं रेखा पुरी, इंदु बंसल सहित अन्य कार्यकर्ताओं का सीधा आरोप है कि वर्षों से पार्टी के लिए पसीना बहा रही सक्रिय महिलाओं को दरकिनार किया जा रहा है। जयपुर से स्थानीय नेताओं तक पहुंची संभावित प्रत्याशियों की सूची की जानकारी लीक होने के बाद यह विरोध सामने आया है। कार्यकर्ताओं के अनुसार, जमीनी महिलाओं के टिकट काटकर बड़े नेताओं की पत्नियों को तरजीह दी जा रही है। प्रदर्शन के दौरान पूर्व सभापति मंजू चेचणी ने दोटूक कहा, "महापौर की सीट सामान्य महिला की होने के बावजूद एक भी सक्रिय महिला कार्यकर्ता को टिकट नहीं दिया गया है। केवल पुरुष नेताओं की पत्नियों को आगे लाया जा रहा है।

# पहले दिन शुभ मुहूर्त में पहुंचे प्रत्याशी, प्रशासन ने किए सुरक्षा इंतजाम

- पार्टियां अलग-अलग वार्डों में जीत की संभावना, स्थानीय पकड़ और कार्यकर्ताओं के फीडबैक के आधार पर उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप देने में जुटी
- नगर निकाय चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**पावटा।** नगर निकाय चुनाव को लेकर गुरुवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। जहां पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र में वार्ड पार्षद प्रत्याशियों ने नामांकन के पहले दिन संभावित प्रत्याशी शुभ मुहूर्त में अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए पहुंचे। नामांकन को लेकर प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में उत्साह देखने को मिला। नॉमिनेशन के लिए प्रमुख दलो के प्रत्याशी अपने-अपने समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल करने के लिए पहुंचे।हालांकि दोनों ही पार्टियों द्वारा किसी भी व्यक्ति को अधिकृत सिंबल नहीं दिया गया है, लेकिन इन्हें उम्मीद है कि पार्टी इन्हे टिकट देगी। इनका कहना है कि यदि पार्टी इन्हे टिकट नहीं देती है तो भी वे तन मन से पार्टी के साथ है।

वहीं संभावित प्रत्याशियों की भीड़ को देखते हुए प्रशासन की ओर से नामांकन केंद्रों पर विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। रिटर्निंग अधिकारी बृजेश कुमार ने बताया कि, नामांकन प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार, शनिवार और सोमवार को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगी। नामांकन प्रक्रिया को व्यवस्थित रखने के लिए उपखंड कार्यालय में वार्डों के अनुसार दो अलग-अलग स्थान निर्धारित किए गए हैं। एसडीएम कार्यालय में कमरा न.1 में वार्ड नंबर 1 से 25 तक के संभावित प्रत्याशियों के नामांकन जमा होंगे। वहीं कमरा नंबर 5 में वार्ड नंबर 26 से 45 तक के प्रत्याशी नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। इस व्यवस्था का उद्देश्य नामांकन प्रक्रिया के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के साथ ही प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की आवाजाही को व्यवस्थित रखना है।

प्रत्याशियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ाई है ताकि नामांकन प्रक्रिया के दौरान अनावश्यक भीड़ अंदर नहीं पहुंच सके। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई है। पुलिसकर्मी नामांकन केंद्रों के आसपास व्यवस्था संभालने के साथ प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की आवाजाही पर नजर रख रहे हैं। नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे दावेदार सक्रिय हो गए हैं। कई प्रत्याशी शुभ मुहूर्त के अनुसार नामांकन दाखिल करने पहुंचे। प्रत्याशियों के साथ समर्थकों की मौजूदगी से नामांकन केंद्रों के आसपास चुनावी माहौल नजर आया। नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियां तेज होने के साथ ही भारतीय जनता पार्टी व कांठोस ने प्रत्याशियों के चयन और संगठन को मजबूत करने पर फोकस बढ़ा दिया है। पार्टियां अलग-अलग वार्डों में जीत की संभावना, स्थानीय पकड और कार्यकर्ताओं के फीडबैक के आधार पर उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप देने में जुटी है। कई वार्डों में टिकट के लिए बड़ी संख्या में दावेदार सामने आए हैं। इनमें सदस्य पदों के चुनाव के लिए नामांकन शुरू हो चुके हैं। गुरुवार दोपहर तक भाजपा व कांठोस ने एक भी प्रत्याशी के नाम का ऐलान नहीं किया। प्रत्याशियों के नाम तय करने के साथ ही बागियों को साधने की तैयारी की जा रही है।

# मनोहरपुर में बहनों ने अपने भाईयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा

मनोहरपुर । भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और पवित्र रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व शुक्रवार को मनोहरपुर शाहपुरा कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बडे ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। बहनों ने सुबह स्नान आदि कर थाली में रोली, चावल, दीया और राखी सजाकर अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। शाहपुरा थाने में थाना प्रभारी रिया चौधरी एवं अन्य पुलिसकर्मियों ने राखी बांधने के बाद बालिकाओं को उपहार दिए।माथे पर तिलक लगाकर आरती उतारी और मिठाई खिलाकर उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार, नगद राशि देकर जीवनभर हर सुख-दुख में साथ निभाने और रक्षा करने का वचन दिया। जो भाई नौकरी या व्यवसाय के कारण बाहर रहते हैं, उन्होंने वीडियो कॉल के माध्यम से राखी बंधवाई। इस पावन अवसर पर क्षेत्र के माशहूर व दयालु भामाशाह इंद्र कुमार अग्रवाल ने समस्त क्षेत्रवासियों को रक्षाबंधन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अग्रवाल ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व केवल एक धागे का त्योहार नहीं है, बल्कि यह भाई-बहन के निस्वार्थ प्रेम, अटूट विश्वास और जन्म-जन्मांतर के पवित्र बंधन का प्रतीक है। यह पर्व हमें हमारी महान भारतीय संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों और आपसी भाईचारे को संजोकर रखने की सीख देता है । उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक युग में भी इस पर्व का महत्व कम नहीं हुआ है। यह पर्व हमें यह एहसास दिलाता है कि परिवार से बडा कोई धन नहीं होता और भाई-बहन का प्यार दुनिया का सबसे सच्चा प्यार होता है।



शाहपुरा थाने में थाना प्रभारी रिया चौधरी एवं अन्य पुलिसकर्मियों ने राखी बांधने के बाद बालिकाओं को उपहार दिए।

## फर्जी दस्तावेजों से कृषि भूमि हड़पने का मामला

**अजमेर** । फर्जी दस्तावेज तैयार कर कृषि भूमि बेचने और जमीन हडपने के गंभीर मामले में पुष्कर थाना पुलिस ने बडी कार्रवाई करते हुए दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की एक विशेष टीम ने राजसमंद जिले में दबिश देकर दोनों आरोपियों को दबोचने में सफलता हासिल की। पुष्कर थानाप्रभारी अशोक बिशु ने जानकारी देते हुए बताया कि परिवादी महावीर सिंह शेखावत ने अदालत के माध्यम से एक इस्तगासा पेश किया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि आरोपियों ने फर्जी व कूटचरित दस्तावेज तैयार कर कृषि भूमि का अवैध बेचान कर दिया और जमीन हडपने की कोशिश की। अदालत से प्राप्त इस्तगासे के आधार पर पुष्कर थाने में 24 फरवरी को मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया था। मामले की जांच के दौरान दो मुख्य आरोपियों के वांछित होने की जानकारी सामने आई। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए गठित विशेष पुलिस टीम ने संभावित ठिकानों पर दबिश देकर और सूचनाएं जुटाकर दोनों आरोपियों गंगासिंह रावत निवासी समुडिय़ा दाता राजसमंद व गुलाब रावत निवासी ठाम टिडाना की ढाणी को को गिरफ्तार कर लिया।

## सार-समाचार

### ब्रह्माकुमारी बहिनों नेपुलिसकर्मियों के बांधा रक्षा सूत्र



**निवाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में निवाई पुलिस थाने में रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया। ब्रह्माकुमारी बहनों ने उपस्थित पुलिसकर्मियों को रक्षा सूत्र बांधकर तिलक लगाया एवं मुह मीठा कराते हुए ब्रह्माकुमारी रेखा बहन ने आत्मिक प्रेम, सुख, शांति और श्रेष्ठ संस्कारों का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि रक्षा सूत्र जीवन को विकारों से सुरक्षित रखकर सुख शांति शक्ति से भर देता है। यह पवित्रता का रक्षा सूत्र हमें परमात्मा से भी जोड़ता है। इस दौरान उन्होंने राजयोग अभ्यास जानकारी देते हुए बताया की राजयोग से मनुष्य के जीवन में आत्मविश्वास एवं आध्यात्मिकता शक्ति का विकास करता है। उन्होंने आध्यात्मिक महत्व बताते हुए कहा कि आज आवश्यकता बाहरी सुरक्षा से अधिक आंतरिक सुरक्षा की है। सच्चा रक्षा सूत्र हमें बुराइयों से बचाकर श्रेष्ठ जीवन जीने कि प्रेरणा देता है।

### बालाजी के विशाल भंडारा आज

**निवाई।** गांव पहाड़ी के नाडी वाले बालाजी महाराज के मंदिर में श्री नाड़ी वाले बालाजी मंदिर समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में बाल ब्रह्मचारी महंत दिनेशदास नागा बाबा के सानिध्य में संपूर्ण श्रावण मास में रामायणजी एवं सुंदरकांड के अखंड़ पाठों का भव्य आयोजन किया गया। जिसको लेकर शनिवार को विधि विधान के साथ पूर्णाहुति की जाएगी एवं विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालु रंगलाल पटेल ने बताया कि शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रामायणजी के अखंड पाठों की विधिवत पूर्णाहुति संपन्न कराई जाएगी। इसके पश्चात बालाजी महाराज की विशेष महाआरती करके महाप्रसादी के रूप में विशाल भंडारे का आयोजन होगा। जिसमें कई संत-महात्माओं सहित सैंकड़ों श्रद्धालु भाग लेंगे। मंदिर समिति एवं ग्रामीणों द्वारा इस आयोजन की सभी तैयारियां पूरे उत्साह के साथ पूरी कर ली गई हैं।

### बालाजी ढाणी में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिव पंचायत मंदिर का शिला पूजन

**लालसोट।** नगर परिषद लालसोट के ग्रामीण वार्ड स्थित बालाजी ढाणी में रक्षाबंधन पर्व पूर्णिमा के अवसर पर शुक्रवार को शिव पंचायत मंदिर निर्माण के लिए वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिला पूजन किया गया। पंडित दीपक शर्मा के सान्निध्य में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मंदिर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। अभिनंदन बोहरा ने किया शिला पूजन। मंदिर निर्माण के लिए आयोजित शिला पूजन कार्यक्रम में अभिनंदन बोहरा द्वारा विधिवत शिला पूजन किया गया। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में गोविन्द बोहरा, खेमचंद बोहरा, राकेश शर्मा, रमेश सैनी, लल्लू सैनी मण्डावरा, रामदयाल त्रिवेदी सहित अन्य ग्रामीण एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। शिला पूजन के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

### त्योहारी सीजन में मिलावट के खिलाफ खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई

**टोंक।** त्योहारी सीजन को देखते हुए आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के सम्बन्ध चलाये जा हरे मिलावट के खिलाफ विशेष अभियान शुद्ध आहार मिलावट पर वार के तहत जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा सघन निरीक्षण एवं नमूना संग्रह की कार्यवाही की गई। जिसके अन्तर्गत षहर में कार्यवाही के दौरान मैसर्स श्री रामेश्वरम चौधरी मिष्ठान भंडार कृषि मंडी के सामने टोंक से मावा का नमूना एवं जोधपुर मिष्ठान भंडार सवाई माधोपुर चौराहा टोंक से मावा व मावा बर्फी का नमूना लिया गया, जिसे जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा द्य जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि त्योहारी सीजन में आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। मिलावट एवं अवधिपार खाद्य पदार्थों की बिक्री के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### 12 मोतियाबिंद रोगी स्वस्थ पाए

**देवली** (नि स) शहर की जनसेवा समिति एवं सहाय हॉस्पिटल मोती डूंगरी जयपुर आई रिसर्च सेंटर सोसायटी द्वारा जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 25 अगस्त को मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद फॉलोअप शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सभी 12 रोगी स्वस्थ पाए गए। अध्यक्ष कानसिंह राणावत ने बताया कि सहाय हॉस्पिटल जयपुर की नेत्र विशेषज्ञ डॉ. ज न्वी गौतम ने रोगियों की आंखों की रोशनी, दूरी एवं नजदीक की दृष्टि की जांच की। रोगियों को दवाइयां एवं विजन चश्मे उपलब्ध कराए जाएंगे तथा आंखों की देखभाल एवं सावधानियों की जानकारी दी गई। शिविर संयोजक कन्हैयालाल लुनिवाल ने बताया कि रोगियों को अगले फॉलोअप के लिए 15 सितंबर को पुन: बुलाया गया है।

# सांभर में हर्षोल्लास से लोगों ने मनाया रक्षाबंधन का पर्व



सांभर में बहनों ने भाईयों की कलाई पर राखी बांधी

- बाजारों में दिन भर रही रौनक

**सांभरझील,** (निसं)। यहां रक्षाबंधन का पर्व लोगों ने हर्षोल्लास व उमंग के साथ मनाया। प्रमुख गोला बाजार, न्यू मार्केट, नया बस स्टैंड सहित अनेक बाजारों में राखी के पर्व पर सुबह से ही खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ देखने को मिली।

हलवाइयों की दुकानों पर अनेक तरह के मिष्ठानों की लोगों ने जमकर खरीदारी की। किरानो की दुकान सहित राखी बेचने वाले के यहां भी महिलाओं ने खरीदारी की। बहनों में रंग बिरंगी राखियां व अनेक तरह के रक्षा सूत्र भाइयों की कलाई पर बांधने के लिए खरीदें। अनेक ने चांदी की राखियां भी खरीदी। बहनों ने अपने भाईयों की कलाई पर राखी रक्षा सूत्र बांधकर तिलक लगाया तथा मिष्ठान खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया। बहनों ने अपने भाई के स्वास्थ्य व दीर्घायु जीवन की कामना के साथ तरक्की के लिए आशीर्वाद दिया। वही भाइयों ने भी अपनी बहनों की रक्षा के लिए वचन दिया।